# चित्रकूट पुलिस

(1). “मिशन शक्ति फेज-5.0: का द्वितीय चरण महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा “मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते

हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

**(2).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए।

**(3).** आज दिनाँक 19.05.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री पीयूषकांत राय द्वारा पुलिस लाइन्स चित्रकूट में मंगलवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया । पुलिसकर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ,तत्पर और अनुशासन बनाए रखने के लिए विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम कराए गए, स्वास्थ्य के लाभ के लिए परेड की दौड़ करायी गयी तत्पश्चात पुलिस लाइन का जायजा लेकर प्रतिसार निरीक्षक को सुधार हेतु निर्देशित किया गया एवं परेड में शामिल अधिकारी/कर्मचारीगण को अनुशासन,एकरूपता और कर्तव्यनिष्ठा के संबंध में बताया गया। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवहन शाखा जाकर थानों से आयी समस्त चार/दो पहिया वाहनों,112 पीआरवी वाहन तथा परिवहन शाखा में रखे वाहनों का निरीक्षण कर प्रभारी परिवहन शाखा को वाहनों की कमियों को दूर करने हेतु निर्देशित किया गया तथा डायल 112 कार्यालय,आवास परिसर,बैरक,सीपीसी कैन्टीन,मंदिर,भोजनालय,ऑर्मरी का निरीक्षण किया गया साथ ही महोदय द्वारा रिक्रूट आरक्षियों से व्यवहारिक परीक्षण के सम्बन्ध में जानकारी ली गई।
इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक श्री रामशीष यादव व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**(5).** आज दिनांक 19.05.2026 को पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह ने अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री पीयूषकांत राय की उपस्थिति में जनपद चित्रकूट के ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से ग्राम चौकीदारों को साइकिलें वितरित की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ग्राम चौकीदार गांव की प्रथम सुरक्षा पंक्ति हैं। वे रात-दिन चौकसी करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण, सूचना संग्रहण तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साइकिलों के वितरण से उनकी गतिशीलता बढ़ेगी, जिससे वे बड़े क्षेत्रों में तेजी से गश्त लगा सकेंगे और आवश्यकता पड़ने पर त्वरित प्रतिक्रिया दे सकेंगे। इस कार्यक्रम में कुल 75 ग्राम चौकीदारों को ब्रांडेड साइकिलें प्रदान की गई।पुलिस अधीक्षक ने सभी ग्राम चौकीदारों को साइकिलों का उचित रखरखाव करने तथा इन्हें केवल ड्यूटी

के दौरान ही उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि जिला पुलिस भविष्य में भी ग्राम चौकीदारों की सुविधा एवं क्षमता वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास करती रहेगी।

**(6).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक यातायात श्री हरिराम यादव, आरक्षी चन्द्रवीर एवं आरक्षी अजय यादव जो पुलिस लाइन चित्रकूट से कर्वी की ओर आ रहे थे कि रास्ते में एक व्यक्ति पेड़ के नीचे काफी परेशान अवस्था में मिला तो गाड़ी को रोककर व्यक्ति के पास जाकर देखा गया तो हीट वेब के कारण मोटर साइकिल सवार व्यक्ति का पूरा शरीर कॉप रहा था जिसे तत्काल गाड़ी से ग्लूकोस निकालकर पानी में मिलाकर पिलाया गया तथा पेड़ के नीचे बैठने हेतु सलाह दी गयी कुछ देर बाद व्यक्ति को काफी राहत मिला।

**(7).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री पीयूषकान्त राय एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री यामीन अहमद के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री दुर्गविजय सिंह के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली कर्वी पुलिस टीम द्वारा चोरी की 03 घटनाओं का खुलासा करते हुए 01 चोर को चोरी के 03 मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया गया।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-</u>**

दीपक सिंह पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम देवदार थाना धाता जनपद फतेहपुर उम्र करीब 22 वर्ष

**<u>बरामदगीः-</u>**

1.मो0सा0 नं0 UP 96 M 1160 स्प्लेण्डर प्लस रंग काला

2.मो0सा0 नं0 UP 96 M 6864 सीडी डीलक्स

3.मो0सा0 नं0 UP 71 R 9368 सीडी स्प्लेण्डर प्रो

**<u>गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समयः-</u>**

देवांगना घाटी हनुमान धारा रोड,19.05.2026,03.07 बजे

**<u>संक्षिप्त विवरणः-</u>**

उल्लेखनीय है कि उ0नि0 अंशुल कुमार मय हमराह मुख्य आरक्षी आदित्य के देखभाल क्षेत्र में मामूर थे कि मुखविर खास ने सूचना दिया कि एक व्यक्ति देवांगना घाटी के पास चोरी की तीन मोटरसाइकिल लिये खड़ा है कही ले जाकर बेचने की फिराक में है यदि जल्दी किया जाए तो पकड़ा जा सकता है। इस सूचना पर विश्वास करके रात्रि अधिकारी उ0नि0 श्री गजबये आलम को जरिये टेलीफोन वार्ता कर मकसद बताते हुए मुखविर को साथ लेकर उसके बताये हुए स्थान की ओर चल दिये तभी रात्रि अधिकारी अपने हमराहियों के

साथ आ गये देवांगना घाटी से करीब 100 मीटर पहले मुखविर द्वारा गाड़ी को रोककर इशारा करके चला गया । पुलिस वाले हिकमत अमली से आगे बढ़े तो पुलिस वालों को देखकर व्यक्ति एक मोटर साइकिल स्टार्ट कर भागने का प्रयास किया जिसे दौड़कर मौके पर देवांगना घाटी के पास पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति से तीनों मोटर साइकिलों के बारे में पूंछा गया तो बताया कि मो0सा0 नं0 UP 96 M 1160 स्प्लेण्डर प्लस रंग काला जिला अस्पताल सोनेपुर से चोरी किया था, मो0सा0 नं0 UP 96 M 6864 सीडी डीलक्स को भी 09 से 10 दिन पहले जिला अस्पताल सोनेपुर से चोरी किया था तथा तीसरी मोटर साइकिल चेचिस नं0 MBLHA10A3DHL03148 के बारे में पूछा गया तो बताया कि उक्त मोटर साइकिल को करीब 01 वर्ष पहले धाता जिला फतेहपुर से चोरी किया था। जिसका चेचिस नम्बर डालकर चेक किया गया तो मो0सा0 नं0 मो0सा0 नं0 UP 71 R 9368 सीडी स्प्लेण्डर प्रो है। क्रमशः मो0सा0 नं0 UP 96 M 1160 स्प्लेण्डर प्लस के सम्बन्ध में थाना कोतवाली कर्वी में मु0अ0सं0 268/2026 धारा 303(2) बीएनएस, मो0सा0 नं0 UP 96 M 6864 सीडी डीलक्स के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 279/2026 धारा 303(2) बीएनएस तथा मो0सा0 नं0 UP 71 R 9368 सीडी स्प्लेण्डर प्रो के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 61/2025 धारा 303(2) बीएनएस थाना धाता जनपद फतेहपुर में अंकित किया गया है। कड़ाई से पूंछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि मैं गाड़ियों की चोरी करके यही पर छिपा देता था । जिसे आज में बेचने जा रहा था कि आप लोगों ने पकड़ लिया । मोटर साइकिले बरामद होने पर तीनों मुकदमों में धारा 317(2) की बढ़ोतरी की गयी।

**<u>गिरफ्तार करने वाली टीमः-</u>**

1.उ0नि0 श्री अंशुल कुमार

2.उ0नि0 गजबये आलम

3.मुख्य आरक्षी आदित्य

4.आरक्षी विकेश मौर्य

5.आरक्षी चालक विकास यादव

**(6).** आज दिनाँक 19.05.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री पीयूषकान्त राय द्वारा प्रभारी निरीक्षक भरतकूप श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह की उपस्थिति में थाना भरतकूप के समस्त विवेचकों का अर्दली रुम निम्न बिन्दुओं पर किया गया । अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित विवेचनाओं, सभी अहकामात, E-साक्ष्य, E–summon, iRAD/Edar, वारंटी की गिरफ्तारी, निरोधात्मक कार्यवाही, यातायात प्रवर्तन की कार्यवाही, IGRS का निस्तारण व सफल जनसुनवाई के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।